कहो मन से राजाराम

कहो मन से राजाराम रमजा चित्रकूट में ॥

चित्रकूट में घर घर तुलसी
पूजे शालिग्राम रमजा चित्रकूट में ॥

चित्रकूट में संत विराजें
सुरसरि करें स्नान रमजा चित्रकूट में ॥

चित्रकूट में गड़ा हिंडोला
झूलें श्री भगवान रमजा चित्रकूट में ॥

चित्रकूट में सीता रसोंइया
जीमें लक्ष्मण राम रमजा चित्रकूट में ॥

भरत कूप में भरत विराजे
पर्वत पर हनुमान रमजा चित्रकूट में ॥

चित्रकूट में पीली कोठी
सेवक करें आराम रमजा चित्रकूट में

द्वारा : योगेश तिवारी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7147/title/kaho-man-se-rajaram-ramja-chitarkut-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |